RAF SECTOR

NEWS CLIP

21/12/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Pioneer, Meerut, (UP)

यूपी पुलिस ने भीड़ नियंत्रण व लोक व्यवस्था प्रबंधन में दक्षता हासिल की

अकादमी में 65 जवानों ने लिया प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/मेरठ

उत्तर प्रदेश के 65 जवानों (पुरूष–55 व महिला –10) ने भीड़ नियंत्रण व लोक व्यवस्था प्रबंधन प्रशिक्षण में दक्षता हासिल की।

मेरठ स्थित लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) में दिनांक 06 दिसंबर से 18 दिसंबर तक उत्तर प्रदेश के 65 जवानों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किय गया। कोर्स का विधिवत समापन्, रैपो मेरठ के प्रांगण में शनिवार 18 दिसंबर को यूपी पुलिस के राजीव सभरवाल, अपर महानिदेशक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, रैपो मेरठ एवं यूपी पुलिस के प्रभाकर चौधरी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ, व विवेक, सहायक पुलिस अधीक्षक मेरठ, भी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस के जवानों को दंगा नियंत्रण (एन्टी राईट/मोब कन्ट्रोल) के सभी तकनीकी पहलुओ के साथ ही आधुनिक दंगा नियंत्रण हथियारों विषय से प्रशिक्षित किया गया। इसके अतिरिक्त कोर्स के दौरान इन जवानों को भीड़ नियंत्रण, भीड़ की मनोवैज्ञानिकता, पुलिस पब्लिक व्यवहार, साम्प्रदायिक सदभाव, फायर फायटिंग तकनीक, लेस लीथल वेपन/मुनेशन हैण्डलिंग, नए विशेष उपकरणों से परिचय, विशेष वाहनों जैसे वज्र, वरूण, फायर टेंडर से परिचय, दंगा विरोधी ड्रिल, मानवाधिकार एवं उत्तर प्रदेश से संबंधित दंगा नियंत्रण से संबंधित विभिन्न केस स्टडीज के बारे में पढ़ाया गया। सभी कार्मिकों को टियर स्मोक मुनेशन/ग्रेनेड तथा विशेष वाहन वज्र से फायरिंग का अभ्यास फिरोजपुर झिरका फायरिंग रेंज में कराया गया।

Pioneer, Meerut, (UP)

Uttar Pradesh Police completed two-week 'Riot Drill and Public Order Management Training' at RAF Academy for Public Order (RAPO) Meerut. The closing ceremony was addressed by Rajeev Sabharwal, ADG Meerut Zone in the presence of Akhilesh Kumar Singh, DIGP RAPO, Prabhakar Chaudhary, SSP Meerut. 65 trainees (55 male and 10 female) of UP Police participated Pioneer photo

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।